# भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर
# INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT INDORE

प्रबंध शिखर, राउ–पिथमपुर रोड, इंदौर – 453 556

फोनः +91–731–2439636, 630 फेक्सः+91–731–2439800


## शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों के वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) के लिए निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्र. आईआईएमआई/एससी/2014–15/2 फरवरी 24, 2015

प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ प्रतिष्ठानों से निम्न कार्य के लिए द्वि–लिफाफा प्रणाली (तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा) के अनुसार मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | आईआईएम इंदौर परिसर में स्थापित शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) |
| निविदा क्र. एवं एएमसी की अनुमानित लागत | आईआईएमआई/एससी/2014–15/2 दिनाँक फरवरी 24, 2015 एवं रू.1,80,000/– (पुर्जों और रबर भागों के बगैर) |
| निविदा जमा करने की लागत **(गैर–वापसी योग्य राशि)** | भारतीय प्रबंध संस्थान, इंदौर के पक्ष में देय रू.500/– (रूपये पाँच सौ मात्र) के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा। |
| ईएमडी | भारतीय प्रबंध संस्थान, इंदौर के पक्ष में देय रू.10000/– (रूपये दस हजार मात्र) के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा। |
| अनुबंध की अवधि | शुरूआत में निविदा एक वर्ष के लिए वैध रहेगी जिसे तय की गई दरों, नियमों व शर्तों पर तय अवधि के लिए कम करने अथवा बढ़ाने, लेकिन दो वर्षों से अधिक के लिए नहीं, का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है। पहले दो वर्षों के लिये दरें स्थिर रहेंगी। समय–समय पर ठेकेदार के निष्पादन की समीक्षा की जाएगी। |
| निविदा जारी | निविदा दस्तावेजों को संस्थान की वेबसाइट – www.iimidr.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। कृपया वेबसाइट के होमपेज पर निविदा खण्ड का अवलोकन करें। **कृपया किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट का अवलोकन करते रहें और निविदा दस्तावेज उसी अनुसार जमा करावें।** |
| निविदा जमा/प्राप्ति | मार्च 9, 2015 को 15:00 बजे तक भंडार एवं क्रय अधिकारी, भारतीय प्रबंध संस्थान, प्रबंध शिखर, राउ–पिथमपुर रोड, इंदौर – 453 556 के कार्यालय में, फोन – 0731–2439636/630 फेक्सः2439800 |
| निविदा–पूर्व बैठक एवं निविदाकर्ता द्वारा स्वास्थ्य उपकरणों का निरीक्षण | सवालों, यदि कोई हो तो, के स्पष्टीकरण के लिए मार्च 3, 2015 को 11:00 बजे, उपर दिये गये पते पर। |
| निविदा खोलना<br>(तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) | **भाग – क – तकनीकी निविदा**<br>तकनीकी निविदा को उसी दिन खोला जाएगा, अर्थात मार्च 9, 2015 को 15.30 बजे, निविदाकर्ता के अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में।<br>**भाग – ख – वित्तीय निविदा**<br>सक्षम समिति/प्राधिकारी द्वारा तकनीकी रूप से स्वीकार्य निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदाओं को बाद की तारीख में खोला जाएगा। |
| संपर्क सूत्र (निविदा प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्पष्टीकरण के लिए) | अधिकारी (खेल परिसर) / भंडार एवं क्रय अधिकारी, भारतीय प्रबंध संस्थान, प्रबंध शिखर, राउ–पिथमपुर रोड, इंदौर – 453 556 के कार्यालय में, फोन – 0731–2439636/630 फेक्सः2439800 |
| एएमसी प्रारंभ करने की प्रस्तावित तारीख | अप्रैल 15, 2015 |

**1. कार्य का दायरा**

1.1 संस्थान ऐसे ठेकेदार चाहता है जो स्थल पर (i) उच्च गुणवत्ता वाला निवारक रखरखाव, (ii) प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा मरम्मत कार्य कर सकें और (iii) उच्च गुणवत्ता वाले असली/संगत पुर्जों एवं सामग्री किफायती दरों पर प्रदाय कर सकें।

1.2 संस्थान दोनों तरह की एएमसी के विकल्पों की जानकारी चाहता है अर्थात स्थल पर ही व्यापक रखरखाव अनुबंध (पुर्जों के साथ, रबर के हिस्सों और बेल्ट को छोड़कर) एवं स्थल पर ही सीमित रखरखाव अनुबंध (पुर्जों के बगैर)। कुछ विशेष उपकरणों की रखरखाव आवश्यकताओं को देखते हुए संस्थान ने शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों को दो समूहों में बाँट दिया है। किसी भी समूह के लिए किसी भी तरह की एएमएसी चुनने का अधिकार संस्थान के पास है। संस्थान एक समूह के उपकरणों के लिए व्यापक रखरखाव और दूसरे समूह के लिए सीमित रखरखाव का चयन कर सकता है अथवा किसी एक या सभी समूहों के लिए व्यापक रखरखाव या सीमित रखरखाव का चयन कर सकता है।

1.3 स्थल पर ही व्यापक रखरखाव अनुबंध में मासिक निवारक रखरखाव कार्य, आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य, उपकरणों की स्वास्थ्य जाँच, सफाई एवं दोषपूर्ण पुर्जों का प्रतिस्थापन शामिल होगा (रबर के हिस्सों और बेल्ट को छोड़कर)।

1.4 स्थल पर ही सीमित रखरखाव अनुबंध में मासिक निवारक रखरखाव कार्य, आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य (पुर्जों के बगैर), उपकरणों की स्वास्थ्य जाँच,एवं सफाई कार्य शामिल होगा।

1.5 एएमसी की अवधि ठेकेदार के प्रदर्शन के अनुसार एक से तीन वर्ष की हो सकती है।

1.6 अनुबंध की अवधि के दौरान संस्थान किसी भी समूह के उपकरणों को किसी भी तरह की एएमसी में परिवर्तित कर सकता है, उदाहरण के लिए सीमित रखरखाव से व्यापक रखरखाव में अथवा इसके विपरीत।

**2. सामान्य नियम और शर्तें**

2.1 भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में स्थित शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों के लिए 1 से 3 वर्ष की एएमसी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

2.2 निविदा दस्तावेजों को संस्थान की वेबसाइट – www.iimidr.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। कृपया वेबसाइट के होमपेज पर निविदा खण्ड का अवलोकन करें। कृपया किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट का अवलोकन करते रहें और निविदा दस्तावेज उसी अनुसार जमा करावें। पूर्ण आवेदन के साथ "भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर" के पक्ष में रू.500/– का गैर–वापसी योग्य डिमांड ड्राफ्ट संलग्न होना चाहिए। "भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर" के पक्ष में देय रू. 10,000/– की निर्दिष्ट ईएमडी रहित आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

2.3 निविदा/प्रस्तावों को हाथ से/डाक से/कूरिअर से भंडार एवं क्रय अधिकारी, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर, प्रबंध शिखर, राउ–पिथमपुर रोड, इंदौर – 453556 को भेजे जा सकते हैं।

2.4 व्यक्तिगत रूप से जमा नहीं किये गए प्रस्तावों के गुम होने/देरी होने अथवा प्राप्त नहीं होने की जिम्मेदारी आईआईएम इंदौर की नहीं होगी। देर से प्राप्त होने वाले/अपूर्ण प्रस्तावों को अस्वीकार किया जा सकता है।

2.5 तकनीकी निविदाओं को 9 मार्च 2015 को 15.30 बजे निविदाकर्ताओं के मौजूद प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा।

2.6 सिर्फ सक्षम समिति/प्राधिकारी द्वारा तकनीकी रूप से स्वीकार्य निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदाओं को ही बाद की किसी तारीख में खोला जाएगा। वित्तीय निविदाओं को खोले जाने की तारीख व समय निविदाकर्ताओं को पहले ही बता दी जाएगी।

2.7 निविदाकर्ताओं के प्रस्ताव निविदा/संशोधित प्रस्ताव (यदि कोई हो तो) जमा करने की अंतिम तारीख से तीन माह तक मान्य रहेंगे। जमा करने के पश्चात् एवं निविदा की वैधता अवधि (तीन माह) के दौरान किसी भी निविदाकर्ता को प्रस्ताव वापस नहीं लेने दिया जाएगा। यदि कोई निविदाकर्ता अपनी निविदा को पूरा नहीं करता है, तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

2.8 इस कार्य के लिए ठेकेदारों के चयन का निर्णय लेते समय, प्रशिक्षित कर्मचारियों एवं किफायती दरों पर सर्वोच्च गुणवत्ता वाले पुर्जों के प्रदाय द्वारा उच्च रखरखाव सेवा प्रदान करने की ठेकेदार की योग्यता और प्रतिस्पर्धात्मकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

2.9 किसी भी निविदा को बगैर कोई कारण बताए आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार आईआईएम इंदौर के पास सुरक्षित है।

2.10 यदि निविदा प्राप्त करने/खोलने की तारीख को कोई अवकाश का दिन हो तो, निविदा प्राप्ति/खोलने की तारीख अगला कार्य दिवस होगा।

2.11 सेवा के विभिन्न तत्वों जिनकी पूर्ति आवश्यक है एवं प्रदाय युक्त आवश्यक सेवा स्तर की जानकारी के लिए निविदा दस्तावेज भरने के पूर्व, निविदाकर्ता को संस्थान में स्थित शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों का निरीक्षण कर लेना चाहिए। इस हेतु यात्रा का खर्च निविदाकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। ऐसा माना जाएगा कि निविदा दस्तावेज जमा करने से पूर्व ठेकेदार ने संस्थान का दौरा कर लिया है और कार्य की परिस्थितियों से अवगत है।

2.12 निविदाकर्ताओं से आग्रह है कि वे अपनी निविदाएं दो भागों में जमा करें (क) तकनीकी निविदा एवं (ख) वित्तीय निविदा। तकनीकी निविदा में कंपनी का ब्यौरा, कार्य अनुभव, आय कर पीएएन संख्या, कर्मचारियों की संख्या, जमा की गई धरोहर राशि, कर पहचान प्रमाणपत्र, गैर–वापसी योग्य निविदा लागत, ईएमडी, कंपनी का ब्यौरा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जो प्रतिष्ठान जमा करना चाहता हो शामिल होना चाहिए। वित्तीय निविदा में दी गई दरें शब्द व अंकों में लिखी होना चाहिए। दरों का विवरण, कर एवं छूट यदि कोई हो तो वह भी निविदाकर्ता द्वारा लिखी जा सकती है। तकनीकी निविदा के मुहरबंद लिफाफे पर लिखा होना चाहिए "तकनीकी निविदा – शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध" एवं वित्तीय निविदा के मुहरबंद लिफाफे पर लिखा होना चाहिए "वित्तीय निविदा – शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध" इन दोनों मुहरबंद लिफाफों को एक लिफाफे में रख कर इस पते पर भेजें: भंडार एवं क्रय अधिकारी, भारतीय प्रबंध संस्थान, प्रबंध शिखर, राउ–पिथमपुर रोड, इंदौर – 453 556 फोन – 0731–2439636, 630 फेक्सः2439800 अथवा किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे के मध्य भंडार एवं क्रय विभाग के समीप लगी निविदा–पेटी में जमा करें। निविदा जमा करने के अंतिम तारीख 9 मार्च 2015 को अपरान्ह 3.00 बजे तक है। अपूर्ण निविदा दस्तावेजों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विलंब से प्राप्त निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदओं को 9 मार्च 2015 को अपरान्ह 3.30 बजे सक्षम समिति/अधिकारी द्वारा निविदाकर्ताओं अथवा उनके प्रतनिधियों, जो उस समय उपस्थित रहना चाहते हों, की उपस्थिति में खोला जाएगा।

2.13 इच्छुक निविदाकर्ता को धरोहर राशि के रूप में भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के पक्ष में रू.10,000/– का एक खाते में देय डिमाँड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर जमा कराना होगा। उन प्रतिष्ठानों की धरोहर राशि जिनकी निविदाएं स्वीकार नहीं की गई हैं, सफल निविदाकर्ता को ठेका प्रदान करने के 45 दिनों के अंदर लौटा दी जाएगी।

2.14 अनुबंध के किसी भी नियम और/या शर्त का उल्लंघन होने पर बगैर सूचना दिये ठेका रद्द करने एवं वैकल्पिक तौर पर ठेकेदार के जोखिम एवं लागत पर उस कार्य को पूर्ण करवाने का अधिकार भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के पास सुरक्षित है। ठेकेदार ऐसे किसी भी प्रकार के नुकसान के हर्जाने का कोई दावा नहीं कर सकेगा जो उसे अनुबंध की शर्तों में चूक के कारण हुआ हो, उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।

2.15 किसी भी विवाद की स्थिति में, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर का निर्णय दोनों पक्षों के लिए अंतिम व मान्य होगा। अन्य कोई विवाद, यदि कोई हुआ तो, उसे इंदौर के न्यायालय में निपटाया जाएगा।

2.16 सिर्फ उन्हीं निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदाओं को खोला जाएगा जो तकनीकी रूप से पात्र हैं।

2.17 निविदाकर्ता को निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर आधिकारिक मुहर लगाकर हस्ताक्षर करना चाहिए।

2.18 विलंब से प्राप्त/अस्पष्ट/सशर्त/अपूर्ण/किसी भी रूप में निर्धारित प्रक्रिया को पूरा न करने वाली निविदाओं को निरस्त कर दिया जाएगा।

2.19 टेलेक्स/फेक्स/टेलीग्राम एवं ई–मेल से भेजी गई निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

2.20 किसी भी परिस्थिति में न तो निविदा दस्तावेजों को हस्तांतरित किया जा सकता है और न ही निविदा दस्तावेजों की लागत वापसी योग्य है।

2.21 वेबसाइट से निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं/या इसे जमा कर देने से स्वतः ही निविदा की पात्रता प्राप्त नहीं होती है।

2.22 अनुमोदन के बाद भी, यदि निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई जानकारी/तथ्यों को भ्रामक/गलत/झूठे आदि पाया जाता है, तो किसी एक सामग्री/सामग्रियों को वर्तमान/भविष्य के अनुबंधों के लिए अस्वीकार करने का अधिकार आईआईएम इंदौर के पास सुरक्षित है या यदि उचित हुआ तो दंड भी लगाया जा सकता है। निविदा की किसी भी शर्त अथवा आईआईएम इंदौर के भविष्य में किसी भी निर्देशों का उल्लंघन पर भी उपरोक्त दंड लगाए जा सकते हैं।

2.23 दी गई दरों में स्थल (जो कि प्रबंध–शिखर, राउ–पिथमपुर रोड, इंदौर, एमपी है) पर ही मरम्मत एवं रखरखाव की लागत, आईआईएम इंदौर परिसर पर लगने वाले सभी सांविधिक कर एवं शुल्क शामिल होना चाहिए।

2.24 सफल निविदाकार को अनुबंध के निष्पादन से पूर्व निष्पादन गारंटी के रूप में अनुबंध की कुल लागत की 10प्रतिशत राशि भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के पक्ष में देय बैंक ग्यारंटी/डिमाँड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराना होगा, और जो कि अनुबंध की अवधि से 45 दिन बाद तक संस्थान के पास रहेगी और जिसके लिए आईआईएम इंदौर द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

2.25 प्रतिष्ठान(ों) के निविदा दस्तावेजों के नियमों व शर्तों में अंतर पाये जाने पर, आईआईएम इंदौर का निर्णय मान्य होगा।

2.26 सफल निविदाकार जिसे ठेका प्रदान किया गया हो को ठेका प्राप्त होने से 30 दिनों के अंदर शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों की एएमसी के लिए एक अनुबंध करना होगा। सफल निविदाकार की दरें इस ठेके के निष्पादन से 24 माह तक मान्य रहेंगे और किसी भी कारण से कोई बढ़ोत्तरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

2.27 अनुबंध पर वास्तविक हस्ताक्षर से पूर्व इसके नियमों व शर्तों में संशोधन/परिवर्तन/हटाने एवं जोड़ने का अधिकार आईआईएम इंदौर के पास सुरक्षित है।

2.28 इस निविदा का केवल अंग्रेज़ी संस्करण ही किसी भी नियम और शर्तों की व्याख्या के मामलों में मान्य होगा।

### 3. पात्रता मापदंड

3.1 इच्छुक निविदाकार के पास पिछले सात वर्षों में किसी भी प्रतिष्ठित कंपनी/संस्थान/पीएसयू/केन्द्र/राज्य सरकार संगठन को वार्षिक रखरखाव अनुबंध प्रदान करने का कम से कम 03 (तीन) निरंतर वर्षों का अनुभव होना चाहिए एवं पिछले तीन वित्तीय वर्षों में चार्टर्ड एकाउंटेट द्वारा विधिवत रूप से जाँचे गए लाभ–हानी खाते एवं बैलेंस–शीट के अनुसार इसी तरह के कार्य का औसत वार्षिक लेन–देन रू.1.50 लाख होना चाहिए, एवं दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में इसे संलग्न करना चाहिए।

3.2 निविदाकर्ता के पास पिछले सात वर्षों में उपरोक्त किसी भी संगठन में इस तरह के कार्य के सफल निष्पादन का निम्नानुसार अनुभव होना चाहिएः

(a) इसी तरह के तीन अनुबंध, प्रत्येक का मूल्य रू.72,000/– प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए; या
(b) इसी तरह के दो अनुबंध, प्रत्येक का मूल्य रू.90,000/– प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए; या
(c) इसी तरह का एक अनुबंध, जिसका मूल्य रू.1,44,000/– प्रतिवर्ष से कम न हो।

3.3 प्रतिष्ठान का पंजियन इसी तरह की व्यापारिक श्रेणी में मार्च 31, 2011 या इसके पूर्व होना चाहिए।

3.4 पिछले तीन वित्तीय वर्षों के आय कर विवरणी की प्रतियां।

3.5 अपने मौजूदा व्यावसाय से संबंधित आवश्यक सांविधिक लाइसेंस प्राप्त हों।

### 4. विशेष नियम एवं शर्तें

4.1 शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों का एएमसी स्थल पर व्यापक (पुर्जों सहित) अथवा सीमित (पुर्जों रहित), संस्थान के निर्णय के अनुसार एक वर्ष, दो वर्ष अथवा तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा। व्यापक एएमसी में मासिक आधार पर (30 दिनों में एक बार) मरम्मत, दोषपूर्ण पुर्जों का प्रतिस्थापन, उपकरणों का निवारक युक्त रखरखाव के साथ सफाई, स्वास्थ्य जाँच आदि शामिल होगा। इसके निष्पादन के उपरांत प्रतिष्ठान के अधिकृत व्यक्ति द्वारा भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के अधिकृत कर्मचारी को रिपोर्ट देना होगा। इसमें स्थल पर ही आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य भी शामिल होगा। ऐसी स्थिति में अधिमानतः शिकायतों को उसी दिन अथवा उनकी रिपोर्ट के अधिकतम 3 कार्य दिवसों के अंदर देखा जाना चाहिए। आवश्यकतानुसार मरम्मत के लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा। सीमित ऑनसाइट **(कार्यस्थल पर)** अनुबंध में व्यापक अनुबंध के सभी पहलू शामिल होंगे सिर्फ दोषपूर्ण हिस्सों के प्रतिस्थापन के लिए आवश्यक पुर्जों को छोड़कर।

4.2 सामान्य तौर पर उपकरणों को परिसर में ही सुधारा जाना आवश्यक है। अपवाद की स्थिति में जबकि उपकरण को परिसर में ही न सुधारा जा सकता हो एवं उसे परिसर के बाहर ले जाना आवश्यक हो, ऐसी स्थिती में भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर उपकरण की ढुलाई एवं परिवहन के भाड़े का भुगतान नहीं करेगा। यह निविदाकार द्वारा ही वहन किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा सिर्फ असली/अनुकूल पुर्जों का ही उपयोग किया जाएगा।

4.3 भुगतान त्रैमासिक आधार पर जारी किया जाएगा अर्थात कुल एएमसी शुल्क का 25 प्रतिशत प्रत्येक तीन माह में किये गये कार्य की समीक्षा के बाद, प्रतिष्ठान द्वारा देयक जारी करने पर, किया जाएगा।

4.4 शास्ति

| क्र. सं. | त्रुटियों/विसंगतियों के प्रकार | न्यूनतम दंड राशि रू. (अधिकतम राशि संस्थान द्वारा त्रुटि(यों) के प्रकार के अनुसार तय की जाएगी) |
|---|---|---|
| 1 | मासिक अनुसूचि के अनुसार कार्य/सेवा प्रदान नहीं करना | रू. 5,000/– प्रति सप्ताह जब तक त्रुटी जारी रहे। |
| 2 | आवश्यकतानुसार सुधार आग्रह को 3 कार्य दिवसों के अंदर न देखना | रू. 500/– प्रति दिन जब तक त्रुटी जारी रहे। |
| 3 | अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन | प्रत्येक उल्लंघन पर न्यूनतम रू.2,000/– दंड या संस्थान द्वारा तय की गई उचित अधिक राशि या अनुबंध की समाप्ति एवं निष्पादन गारंटी की जब्ती, जैसा भी मामला हो। |

4.5 दंड की राशि ठेकेदार के बकाया देयकों से काटी जाएगी अथवा निष्पादन गारंटी की जब्ती से उगाही जाएगी। त्रुटी के प्रकार के अनुसार संस्थान द्वारा तय दंड का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

4.6 संस्थान के पास अपने अधिकारियों द्वारा कार्य के विनिर्देशों में बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित है जिसमें कार्य के किसी भी मद को जोड़ा अथवा हटाया जा सकता है, अथवा इसके किसी हिस्से को संस्थान में ही किसी अन्य के द्वारा कराया जा सकता है, एवं ऐसे किसी परिवर्तन अथवा बदलाव से अनुबंध का उल्लंघन नहीं होगा।

4.7 निविदा एक या अधिक निविदाकारों को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से दिया जा सकता है।

**5. मध्यस्थता और विवाद का समाधान**

5.1 इस अनुबंध के कारण अथवा इससे संबंधित किसी भी विवाद या मतभेद का समाधान संबंधित प्रतिष्ठानों के अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त चर्चा द्वारा निकाला जाएगा। लेकिन, यदि संयुक्त चर्चा से विवाद हल न हो सके तो, मामले को संस्थान के निदेशक द्वारा नियुक्त एकमात्र मध्यस्थ के पास न्याय निर्णयन के लिए भेजा जाएगा।

5.2 एकमात्र मध्यस्थ द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सभी पक्षों को मान्य होगा। मध्यस्थता प्रक्रिया भारतीय मध्यस्थता और सुलह अधिनियम 1996 के समय समय पर जारी संशोधनों के अनुसार नियंत्रित होगी। मध्यस्थता की लागत संबंधित पक्षों द्वारा समान रूप से वहन की जाएगी। मध्यस्थता प्रक्रिया लम्बित रहने एवं अनुबंध जारी रहने के दौरान विवाद से संबंधित किसी भी पक्ष को मध्यस्थता के कारण से कार्य/सेवा निलंबित करने का अधिकार नहीं होगा एवं ठेकेदार को अनुबंध के नियमानुसार भुगतान जारी रहेगा। मध्यस्थता प्रक्रिया सिर्फ इंदौर, मध्य प्रदेश में चलेगी।

**6. न्यायालय का क्षेत्राधिकार**

पक्षकारों के मध्य हुए इस अनुबंध के कारण होने वाले सभी विवादों, यदि कोई हुआ तो, की सुनवाई का एकमात्र न्यायक्षेत्र इंदौर, मध्यप्रदेश न्यायालय रहेगा।

## अनुलग्नक – I

प्रति
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर
प्रबंध शिखर,
राउ–पिथमपुर रोड
इंदौर 453 556

महोदय,

विषयः– **शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों के वार्षिक रखरखाव अनुबंध हेतु निविदा**

उपरोक्त संदर्भ में, मैं/हम शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों के वार्षिक रखरखाव सेवा हेतु अपनी प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्रस्तुत करते हैं।

मैं/हम पुनः पुष्टी करते हैं कि मैंने/हमने निविदा दस्तावेजों के निर्देशों, नियमों व शर्तों सहित उसमें लिखी समस्त सामग्री को ध्यान पूर्वक पढ़ एवं समझ लिया है।

मैं/हम यह भी पुष्टी करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तावित दरों में ऑनसाइट **(कार्यस्थल पर)** सेवा/सुधार शुल्क, दोषपूर्ण पुर्जों के प्रतिस्थापन (यदि आवश्यक हुआ तो), सभी कर और शुल्क आदि शामिल है।

मैं/हम यह भी पुष्टी करते हैं कि मैंने/हमने आईआईएम इंदौर में स्थापित उपकरणों का निरीक्षण कर लिया है और इस तरह के शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों के सुधार एवं रखरखाव के लिए मेरे/हमारे पास प्रशिक्षित कर्मचारी, सामग्री एवं पुर्जे उपलब्ध हैं।

मैं/हम यह भी पुष्टी करते हैं कि हमारे प्रतिष्ठान को किसी भी केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/संस्थान द्वारा किसी भी कारण से ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है।

आईआईएम इंदौर के पक्ष में देय धरोहर राशि रू.10,000/– का डिमाँड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर, एवं निविदा शुल्क रू.500/– यहाँ संलग्न हैं। मैं/हम यह जानते हैं कि प्रतिष्ठान द्वारा प्रस्तुत दर/वाणिज्यिक/तकनीकी प्रस्ताव को कम से कम दो वर्ष तक बदला नहीं जा सकेगा।

मैं/हम यह भी प्रमाणित करते हैं कि उपरोक्त जानकारी पुरी तरह से सत्य एवं सही है एवं किसी भी परिस्थिति में किसी बाद की तारीख में यदि यह पाया जाता है कि उपरोक्त कोई भी जानकारी गलत है, तो उपरोक्त प्रतिष्ठान को प्रदत्त कोई भी अनुबंध सरसरी तौर पर समाप्त कर दिया जाएगा एवं प्रतिष्ठान को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

धन्यवाद,

आपका विश्वासी,

(निविदाकार की मुहर एवं हस्ताक्षर)

संलग्नः
1) मुहरबंद लिफाफें में दर–सूची।
2) धरोहर राशि का डीडी/पे–ऑर्डर
3) निविदा शुल्क का डीडी/पे–ऑर्डर

**अनुलग्नक** – II – तकनीकी निविदा

संगठन का ब्यौरा

| **क्र.सं.** | **विवरण** | |
|---|---|---|
| 1. | प्रतिष्ठान का नाम | |
| 2. | क) पत्र व्यवहार का पता<br>ख) टेलिफोन न.<br>ग) फेक्स न.<br>घ) ई–मेल आईडी<br>ङ) संपर्क सूत्र का नाम<br>च) संपर्क सूत्र का टेलिफोन न.<br>छ) वेबसाइट | |
| 3. | स्थापना/निगमन का वर्ष<br>(प्रमाणपत्र संलग्न करना है) | |
| 4. | आय कर पीएएन/टीएएन<br>(पानकार्ड की प्रति संलग्न करें) | |
| 5. | एसटी/सीएसटी संख्या<br>(संबंधित दस्तावेजों की प्रति संलग्न करें) | |
| 6. | पंजीयन विवरण<br>(प्रति संलग्न करें) | |
| 7. | पिछले तीन वर्षों का कारोबार<br>2011–12<br>2012–13<br>2013–14<br>*इन तीन वर्षों के आयकर पावती एवं ऑडिटेड बैलेंश–शीट की प्रति संलग्न करें* | रू.____________<br>रू. ____________<br>रू. ____________ |
| 8. | ग्राहकों के कार्यादेशों/कार्य पूर्णता प्रमाणपत्रों की प्रति जहाँ आपके द्वारा पिछले सात वर्षों में नीचे दिये गये अनुबंध मूल्य के अनुसार इस तरह की सेवा प्रदान की गई हाः<br>इसी तरह के तीन अनुबंध, प्रत्येक रू.72,000/– का या<br>इसी तरह के दो अनुबंध, प्रत्येक रू.90,000/– का या<br>इसी तरह का एक अनुबंध, जिसका मूल्य रू.1,44,000/– हो<br>(प्रतियां संलग्न करें) | |
| 9. | इस तरह के शारीरिक स्वास्थ्य उपकरणों की एएमसी के निष्पादन की तकनीकी प्रतिस्पर्धात्मकता पर एक लेख सहित कंपनी का संक्षिप्त ब्यौरा | |

(निविदाकार की मुहर एवं हस्ताक्षर)

**अनुलग्नक** – III – वित्तीय निविदा

(A) एक वर्ष की एएमसी के लिए दरें

| उपकरण समूह* | ऑनसाइट (**कार्यस्थल पर**)<br>सीमित सेवाएं<br>(पुर्जों रहित)<br>राशि (रू.) | ऑनसाइट (**कार्यस्थल पर**)<br>व्यापक सेवाएं<br>(पुर्जों सहित)<br>राशि (रू.) |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |

(B) दो वर्ष की एएमसी के लिए दरें

| उपकरण समूह* | ऑनसाइट (**कार्यस्थल पर**)<br>सीमित सेवाएं<br>(पुर्जों रहित)<br>राशि (रू.) | ऑनसाइट (**कार्यस्थल पर**)<br>व्यापक सेवाएं<br>(पुर्जों सहित)<br>राशि (रू.) |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |

(C) तीन वर्ष की एएमसी के लिए दरें

| उपकरण समूह* | ऑनसाइट (**कार्यस्थल पर**)<br>सीमित सेवाएं<br>(पुर्जों रहित)<br>राशि (रू.) | ऑनसाइट (**कार्यस्थल पर**)व्यापक सेवाएं<br>(पुर्जों सहित)<br>राशि (रू.) |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |

ध्यान दें:* **अनुलग्नक** – IV – उपकरण समूह में विवरण उपलब्ध है।

(निविदाकार की मुहर एवं हस्ताक्षर)

**अनुलग्नक – IV – उपकरण समूह**

| क्र. सं. | वस्तु का विवरण | मॉडल न. | मात्रा | वस्तु की आयु (31 जन. 2015 को) |
|---|---|---|---|---|
| **i)** | **समूह - (i)** | | | |
| 1 | सेलेक्टोराइज्ड बाइसेप कर्ल | स्पोर्ट्स आर्ट ए912 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 2 | सेलेक्टोराइज्ड इंडिपेंडेंट चेस्ट प्रेस | स्पोर्ट्स आर्ट ए915 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 3 | सेलेक्टोराइज्ड इंडिपेंडेंट शोल्डर प्रेस | स्पोर्ट्स आर्ट ए917 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 4 | सेलेक्टोराइज्ड लेग प्रेस | स्पोर्ट्स आर्ट ए956 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 5 | सेलेक्टोराइज्ड इंडिपेंडेंट लेट पुल डाउन | स्पोर्ट्स आर्ट ए916 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 6 | सेलेक्टोराइज्ड असिस्टेड चिन डिप | मेक स्पोर्ट्स आर्ट (मॉडल न. उपलब्ध नहीं) | 1 | 15 माह 11 दिन |
| 7 | सेलेक्टोराइज्ड रिक. फ्लाय/रिअर डेल्टॉयड | स्पोर्ट्स आर्ट ए922 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 8 | सेलेक्टोराइज्ड लेग कर्ल | स्पोर्ट्स आर्ट ए958 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 9 | सेलेक्टोराइज्ड लेग एक्सटेंशन | स्पोर्ट्स आर्ट ए957 | 2 | 15 माह 9 दिन |
| 10 | स्मिथ मशीन | मेक स्पोर्ट्स आर्ट (मॉडल न. उपलब्ध नहीं) | 2 | 1 की 17 माह 23 दिन एवं 1 की 15 माह 11 दिन |
| 11 | सेलेक्टोराइज्ड केबल क्रॉस ओवर | मेक स्पोर्ट्स आर्ट (मॉडल न. उपलब्ध नहीं) | 2 | 1 की 15 माह 11 दिन एवं 1 की 15 माह 9 दिन |
| 12 | सेलेक्टोराइज्ड बेक एक्सटेंशन | स्पोर्ट्स आर्ट ए932 | 1 | 15 माह 11 दिन |
| 13 | सेलेक्टोराइज्ड फंक्शनल ट्रेनर | स्पोर्ट्स आर्ट ए93 | 2 | 15 माह 4 दिन |
| 14 | सेलेक्टोराइज्ड ट्राइसेप्स एक्सटेंशन | मेक स्पोर्ट्स आर्ट (मॉडल न. उपलब्ध नहीं) | 2 | 15 माह 4 दिन |
| 15 | क्रॉस ट्रेनर | स्पोर्ट्स आर्ट ई870 | 5 | 17 माह 23 दिन |
| 16 | अपराइट बाइक | स्पोर्ट्स आर्ट सी532यू | 5 | 4 की 17 माह 23 दिन एवं 1 की 15 माह 11 दिन |
| 17 | रिकंबेंट बाइक | स्पोर्ट्स आर्ट ए932 सी532आर | 5 | 15 माह 11 दिन |
| 18 | स्टेपर | स्पोर्ट्स आर्ट एस7100 | 2 | 15 माह 11 दिन |
| **ii)** | **समूह – (ii)** | | | |
| 1 | ट्रेडमिल | स्पोर्ट्स आर्ट टी631 | 8 | 17 माह 23 दिन |